प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार...**

1- **विक्रमोत्सव के शुभारंभ के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को मुख्यमंत्री ने किया आमंत्रित।**
2- **मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर, साढे 5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश से सृजित होंगे 1 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर।**
3- **दमोह जिले में हुई ओलावृष्टि पर मंत्री लखन पटेल ने कहा- सरकार किसानों के साथ, सर्वे कर देंगे मुआवजा।**
4- **जबलपुर उच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अतिथि विद्वानों को भर्ती में 5 साल की अतिरिक्त छूट देने का आदेश दिया।**

---

**विक्रमोत्सव**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट कर 30 मार्च को आयोजित होने वाले विक्रमोत्सव के शुभारंभ के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि गुड़ी पड़वा विक्रम संवत परिवर्तन का दिन है और वर्षों से इसका आयोजन मध्यप्रदेश में किया जाता है। डॉ. यादव ने उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि उन्होंने आदिकाल में ही गणराज्य की स्थापना की और उनका शासनकाल न्याय, पराक्रम और सुशासन के लिए जाना जाता है।**

**मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि आगामी 12, 13 और 14 अप्रैल को दिल्ली में भी विक्रमोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन का ध्येय है कि युवा पीढ़ी विक्रमादित्य के सिद्धांतों को पढ़े, समझे और अंगीकार करें।**

---

**सौर ऊर्जा उत्पादन**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने वर्ष 2030**

तक कुल नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन 500 गीगावाट तक करने का लक्ष्य तय किया है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहा है। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता पिछले एक दशक में 14 गुना से अधिक बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5,21,279 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1,46,592 नौकरियाँ सृजित होंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में राज्य की कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता का लगभग 21% है।

---------------------------------------------

प्याज निर्यात

केंद्र ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस ले लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता भी बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और कमी आने की संभावना है। घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्ष 13 सितंबर से 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लागू किया गया था।

---------------------------------------------

टमाटर भाड़ा

टमाटर की गिरते दामों के बीच केंद्र सरकार ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अगर किसान अपने फल-सब्जियों को राज्य सरकार की एजेंसी या NAFED के माध्यम से दूसरे राज्यों में बेचने जाते हैं, तो उसके परिवहन का व्यय केंद्र सरकार वहन करेगी।

---------------------------------------------

मौसम

प्रदेश में ओले-बारिश और आंधी का दौर आज से थम जाएगा। वहीं, अगले 3 दिन तक पारे में बढ़ोतरी होगी। इस दौरान तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता

है। मौसम विभाग के मुताबिक, 25-26 मार्च से प्रदेश में नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा। इससे पहले कल भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तीखी धूप रही तो शहडोल, रीवा, सीधी, मऊगंज, अनूपपुर आदि जिलों में ओले, बारिश और आंधी चली। सीधी में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। जिससे चना, मसूर, अरहर और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को दमोह जिले में भी ओला वृष्टि हुई थी। पथरिया विधायक और राज्य मंत्री लखन पटेल ने कहा है कि ओलावृष्टि से नुकसान फसल का सर्वेक्षण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन सर्वे कर रहा है आंकलन करके नियमानुसार किसानों को राहत पहुंचाने का काम किया जायेगा।

---

## विश्व जल दिवस

विश्व जल दिवस के अवसर पर कल आगरमालवा जिला न्यायालय में जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला और सत्र न्यायाधीश रवीन्द्रसिंह कुशवाह ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल के अभाव में प्राणी मात्र के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, जल है तो कल है, जल का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। उधर मंडला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके ने अपने शासकीय आवास पर विश्व जल दिवस मनाया। खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कटनी में विश्व जल दिवस पर नौनिहालों ने श्रमदान और वॉल पेंटिंग से जल संरक्षण का संदेश दिया। मंदसौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तेलिया तालाब पर सफाई अभियान आयोजित किया गया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से नदी सफाई और विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलगुरु प्रो भरत मिश्र के नेतृत्व में मंदाकिनी नदी के स्फटिक शिला घाट पर सफाई की गई। रीवा में भी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

## असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती

जबलपुर उच्च न्यायालय ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा मामले में अभ्यार्थियों को बड़ी राहत का अंतरिम आदेश पारित किया है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायाधीश विवेक अग्रवाल की युगलपीठ ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में अनुसूचित जाति-जनजाति के अभ्यर्थियों को पांच वर्ष की अतिरिक्त आयु सीमा छूट दिए जाने का अंतरिम आदेश पारित किया है। हालांकि चयन सूची

और परिणाम विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखे जाने की व्यवस्था भी दी है। याचिकाकर्ता दमोह निवासी छोटे लाल अहिरवार की ओर से अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा।

---

आईपीएल-क्रिकेट

कोलकाता में इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के आरंभिक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल रात कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरू के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। अजिंक्य रहाणे की नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन बनाए। बेंगलुरू के गेंदबाज क्रुणाल पांड्या ने 3 विकेट लिए। जवाब में बेंगलुरू ने विराट कोहली और फिलिप साल्ट के बीच 95 रन की साझेदारी की बदौलत 17वें ओवर में केवल तीन विकेट खोकर विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। अपना 400वां टी-20 मैच खेल रहे विराट कोहली 59 रन बनाकर नाबाद रहे। क्रुणाल पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आईपीएल में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। और दूसरा मुकाबला मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा।

---

संक्षिप्त समाचार

1- भोपाल में कल आयोजित हुए कुशाभाऊ ठाकरे फाउंडेशन के एक दिवसीय वैचारिक महाकुंभ में विभिन्न विचारकों और विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में देशभर से 20 से अधिक प्रमुख वक्ताओं ने पांच सत्रों में अहम विषयों पर विचार प्रस्तुत किए।
2- भोपाल में शराब दुकानों के बाद अब भांग की दुकानों की नीलामी की जा रही है। जिसको लेकर आबकारी विभाग ने तैयारी शुरु कर दी हैं।
3- धार जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ।
4- निवाड़ी जिला कलेक्टर के निर्देशन में माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं का कल डिप्टी कलेक्टर विनीता जैन ने फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम के साथ परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।
5- विदिशा में कल केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा

महाविद्यालय में रक्त केन्द्र भवन का लोकार्पित किया व ब्लड बैंक में संधारित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया है।

6- मंदसौर जिले मे राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत कल एक दिवसीय कार्यशाला स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित की गई।

7- खण्डवा जिले में टी.बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत् कल जनजागृति रैली आयोजित की जायेगी।

8- कटनी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

9- कटनी में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अवमानक खाद्य पदार्थ खेसरी दाल की मात्रा बटरी दाल में दो प्रतिशत से अधिक पाये जाने पर एक लाख रुपए के अर्थदंड की शास्ति अधिरोपित की है।

-----------------------------------------